आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 24.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने वाली नीति खत्म कर दी है।
- आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है।
- भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अपनी पहुंच और लोगों तक संपर्क को व्यापक बनाने के लिए एक नई वेबसाइट की शुरुआत की है।
- प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत कैम्पबेल–बे में कल कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- धन्नीखाड़ी जंक्शन से मंगलूटान जंक्शन तक की सड़क आज से दस दिनों के लिए बंद की जा रही है।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने वाली नीति खत्म कर दी है। शिक्षा सचिव संजय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कहा कि पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले विद्यार्थियों को दो महीने के भीतर दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। दोबारा परीक्षा के बाद अगर वे फिर से फेल होते हैं, तो उन्हें अगली कक्षा में प्रोन्नत नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन विद्यार्थियों को उनकी प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक स्कूल से नहीं निकाला जाएगा। सचिव ने बताया कि यह फैसला बच्चों में सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए लिया गया है।

<><><><><><><>

आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है। इस वर्ष का विषय है, "आभासी सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच।" इस अवसर पर उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी ने कहा कि सशक्त उपभोक्ता एक संपन्न अर्थव्यवस्था और एक प्रगतिशील समाज का आधार हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के इस अवसर पर, उन्होंने सभी द्वीपवासियों से आग्रह किया कि वे सतर्क रहें, सुरक्षित लेनदेन प्रथाओं को अपनाएँ और एक सुरक्षित और न्यायसंगत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में योगदान दें।

तेजी से तकनीकी परिवर्तन और ई–कॉमर्स की तेजी से वृद्धि के इस युग में, उपभोक्ता संरक्षण ने अभूतपूर्व महत्व हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन लेन–देन आधुनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, इसलिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि उपभोक्ता न केवल अपने अधिकारों के बारे में जागरूक हों, बल्कि डिजिटल डोमेन के उभरते जोखिमों और चुनौतियों से भी सुरक्षित रहें।

<><><><><><><>

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अपनी पहुंच और लोगों तक संपर्क को व्यापक बनाने के लिए एक नई वेबसाइट की शुरुआत की है। सोशल मीडिया के बढ़ते महत्व को देखते हुए, इस वेबसाइट की नई साझाकरण सुविधाएं सभी हितधारकों तक विनियामक जानकारी के प्रसार को सुगम बनाती हैं। नई वेबसाइट देश में दूरसंचार और प्रसारण विनियमों, नीतियों, कानूनों, सांख्यिकी और रुझानों पर व्यापक जानकारी प्रदान करती है। नई वेबसाइट एन आई सी क्लाउड में उपलब्ध है। नई वेबसाइट उपयोग में आने के बाद पुरानी वेबसाइट के साथ तीन महीने तक काम करेगी।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन उत्सव सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक मनाया जाएगा। उत्सव के एक भाग के रूप में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा तीस दिसम्बर को सुबह साढ़े नौ बजे से प्रदर्शनी मैदान में स्वस्थ बेबी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता एक से दो वर्ष, दो से तीन वर्ष और तीन से पांच वर्ष आयु वर्ग की तीन श्रेणियों में आयोजित की जाएगी। तीस दिसम्बर को ही बच्चों का पंजीकरण सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े दस बजे के बीच किया जाएगा। जरूरी दस्तावेजों के साथ अभिभावकों को प्रतियोगिता में शामिल होने को कहा गया है। प्रतियोगिता दोपहर बारह बजे से एक बजे के बीच होगा और इसी दिन विजेताओं में पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

उधर, राजभाषा विभाग की ओर से तीस दिसम्बर को शाम छः बजे से प्रदर्शनी मैदान में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यभूमि से आए हास्य कवि राजेश 'चेतन', राजेश अग्रवाल, सुदीप 'भोला', मोनिका 'देहलवी', उपेन्द्र पांडे और चेतन 'चर्चित' अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

<><><><><><><>

प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत कैम्पबेल–बे के योगिन्दर नगर के सामुदायिक हॉल में कल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी शेखर रॉय और क्षेत्र के प्रधान प्रहलाद सिंह उपस्थित रहे। बैठक में सड़क, बिजली और परिवहन से जुड़े मुद्दों को उठाया गया।

स्थानीय प्रशासन ने उठाए गए मुद्दों को सुलझाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के अलावा ग्रामीणों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

सामुदायिक विकास खण्ड डिगलीपुर द्वारा आयोजित नई चेतना अभियान का कल समापन हो गया। पच्चीस नवंबर को शुरू हुए एक महीने के अभियान में विभिन्न ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम, रंगोली प्रतियोगिताएं, प्रश्नोत्तरी और रैलियां आयोजित की गईं। समापन समारोह में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एन एल आर एम की क्लस्टर समन्वयक संजना कुमारी ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए, जिन्होंने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और हिंसा के खिलाफ खड़े होने की शपथ ली।

<><><><><><><>

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौंवी जयंती के अवसर पर अटल फाउंडेशन की ओर से कल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडपम में सुबह दस बजे से रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

<><><><><><><>

एम. वी. नालन्दा की कार–निकोबार और लिटिल अण्डमान होते हुए सत्ताईस तारीख की ननकौड़ी के लिए यात्रा में फेरबदल किया गया है। अब यह जहाज सत्ताईस तारीख को ही सुबह ग्यारह बजे के स्थान पर रात्रि नौ बजे हैडो जेट्टी से रवाना होगा। इस जहाज की वापसी उनतीस तारीख को होगी।

<><><><><><><>

धन्नीखाड़ी जंक्शन से मंगलूटान जंक्शन तक की सड़क आज से दस दिनों के लिए बंद की जा रही है। ग्रामीण सड़क की मरम्मत के साथ कल्वर्ट और सी सी नाला के निर्माण कार्य के चलते धन्नीखाड़ी जंक्शन से मंगलूटान जंक्शन तक की सड़क को अस्थाई रूप से बंद किया गया है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की तीन दिसम्बर से अट्ठारह दिसम्बर तक की स्थगित लिखित परीक्षा अब छः जनवरी से बीस जनवरी तक चलेगी। परीक्षा की सारणी कॉलेज के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। इसके अलावा विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी परीक्षा की पुर्निर्धारित तिथि देख सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी कॉलेज के परीक्षा अनुभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

छोटे साहेबज़ादे बाबा ज़ोराबर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहीदी दिवस के अवसर पर कल से गुरूद्वारा सिंह सभा मिनी–बे में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कल सुबह सात बजे से निसान साहेब सेवा की शुरूआत होगी। सुबह आठ बजे अखंड पाठ की शुरूआत होगी, जो छब्बीस दिसम्बर तक चलेगी। सत्ताईस दिसम्बर को सुबह नौ बजे से भोग अखंड पाठ, कीर्तन और साहेबज़ादे की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। कल से सत्ताईस दिसम्बर तक  गुरू का लंगर दिया जाएगा।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उपभोक्ता मामले विभाग आज जागो ग्राहक जागो ऐप्प, जागृति ऐप्प और जागृति डैश बोर्ड लॉन्च करेगा। इस खबर को द्वीप समाचार ने अपनी बडी खबर बनाया है। इसके अलावा दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन द्वारा तेजी से बेदखली अभियान चलाकर बम्बूफ्लाट गांव में अतिक्रमित भूमि को प्राप्त किए जाने के समाचार को भी पहली पृष्ठ में जगह मिली है। आयुष अस्पताल द्वारा शहर में जल्द ही पचास बिस्तरों वाला अस्पताल बनेगा–इंफों इंडिया की खबर है। ज़िला प्रशासन द्वारा प्रशासन गांव की ओर कार्यशाला के आयोजन और अनिम्स द्वारा नशे की लत पर स्वास्थ्य चर्चा के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>